सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 13 आषाढ़, 1941 (श०) / 04 जुलाई, 2019 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 92

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 26 |
| (2) | नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 30 |
| (3) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 15 |
| (4) | कृषि विभाग | .. | .. | 05 |
| (5) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 08 |
| (6) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 04 |
| (7) | सहकारिता विभाग | .. | .. | 04 |
| | | | कुल योग — | 92 |

आवास निर्माण

*239. <u>श्रीमती पूनम देवी यादव</u>--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के मानसी अंचल कार्यालय का निर्माण वर्ष 1994 में किया गया है, जो 25 वर्षों से सामुदायिक भवन, खुटिया पंचायत में चल रहा है एवं जिसके कारण अधिकारी और कर्मचारी को काफी असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार मानसी अंचल के प्रशासनिक परिसर भवन एवं अधिकारी, कर्मचारी आवास निर्माण कबतक कराना चाहती है ?

--------

सड़क का निर्माण

*240. <u>श्री आबिदुर रहमान</u>--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नगर परिषद्, अररिया के वार्ड नं0 5 में किशोर श्रीवास्तव के घर से खोपड़िया तक कच्ची सड़क रहने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापना हेतु

*241. <u>श्री विजय शंकर दूबे</u>--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के जलालपुर प्रखंड में आपूर्ति पदाधिकारी का पद विगत तीन वर्ष से रिक्त है, जिसके कारण आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की पदस्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*242. <u>श्री ललित कुमार यादव</u>--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति लिमिटेड द्वारा कंपनी अधिकारियों की संदिग्ध मिलीभगत से आपूर्तिकर्त्ता को 15.75 करोड़ की राशि का निम्न गुणवत्ता वाले गनी बैग (बोरा) के लिये अवैध भुगतान किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कंपनी ने बिहार में खरीफ विपणन सत्र 2014-15 के लिये 60 हजार गनी बैग (बोरा) बेल्स की आपूर्ति के लिये नवम्बर, 2014 में निविदा आमंत्रित की थी, जिसमें निविदा के शर्तों के विपरीत मेसर्स विन्सन इन्टरनेशनल लिमिटेड, समस्तीपुर (आपूर्तिकर्त्ता को) प्रति बेल 21 हजार 408 रुपये 34 पैसे की दर से 60 हजार बेल्स की आपूर्ति आदेश दिया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पूरे राज्य में गनी बैग्स (जूट का बोरा) की विगत 10 वर्षों में हुई खरीद में कंपनी के अधिकारियों की मिलीभगत की जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों का जीर्णोद्धार

*243. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत महाराजगंज नगर पंचायत के अन्तर्गत वार्ड नं0 13-14 में जो रामापाली गाँव में धानुक टोला, यादव टोला, भेड़िया टोला, कहार टोला में सड़क जर्जर होने के कारण वहाँ के ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित पथों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस पड़ाव हेतु

*244. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला स्थित बस पड़ाव राजस्व के मामले में अग्रणी होने के बावजूद यात्री सुविधाओं के घोर अभाव से जूझ रहा है, जिससे यहाँ आने वाले यात्रियों को विभिन्न तरह की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार जिले के बस पड़ाव को कबतक यात्री सुविधाओं से लैस करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू करना एवं कार्रवाई करना

*245. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के पीरो नगर पंचायत के इलाके में पीने के पानी के लिये 2005 में सवा दो करोड़ रुपये की लागत से जलमीनार खड़ी कर बोरिंग भी कराई गई है, फिर भी अभीतक उक्त जलमीनार से पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जलमीनार को कबतक चालू कराने के साथ विलम्ब के लिये दोषी को चिह्नित कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निष्पादन एवं कार्रवाई करना

*246. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार मुजफ्फरपुर जिला के मुशहरी अंचल में वर्ष 2018 से ऑनलाइन दाखिल-खारिज की प्रक्रिया प्रारंभ किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अंचल में अबतक कुल 6,906 प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों में से 5,477 आवेदन अभी भी लम्बित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जाँच कराकर कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारी/कर्मचारी पर कार्रवाई के साथ कबतक शत-प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*247. श्री विजय शंकर दुबे--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि छपरा के जलालपुर प्रखण्ड मुख्यालय में निर्मित जलापूर्ति योजना के पाइप क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पाइप लाइन की मरम्मती के साथ हर घर नल का जल योजना के तहत जलापूर्ति के व्यवस्था के लिए सरकार ने धन राशि दी थी, पर जलापूर्ति कार्यान्वित नहीं हो सका ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र चालू कराने का विचार करती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाले का पक्कीकरण

*248. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत मैरवानगर पंचायत में पश्चिम भोपतपुर से बाजार होते हुए पूरे नगर पंचायत सहित बड़गाँव पंचायत का भी जल निकासी एकमात्र एक कच्चे नाले से होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला कच्चा रहने तथा अगल-बगल में बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो जाने के कारण नाला संकीर्ण हो गया है तथा गाद भर गया है, जिससे महामारी फैलने की आशंका बढ़ गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कच्चे नाले को उड़ाही कराकर पक्कीकरण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति करना

*249. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत मधेपुर पश्चिमी एवं पूर्वी पंचायत तथा फुलपरस प्रखण्ड स्थित फुलपरास एवं सिसवा, बरही में उक्त पंचायतों के वासिन्दों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित योजना से आम नागरिक को जलापूर्ति सुनिश्चित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्त करना

*250. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई नगर पंचायत को अस्तित्व में आए तीन वर्ष हो गए हैं, परन्तु प्रशासक को छोड़कर किसी कर्मी का पदस्थापन अथवा आधारभूत संरचना का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

बस पड़ाव बनवाने हेतु

*251. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी से होकर NH-2, NH-83 एवं NH-99 सड़कें शेरघाटी, डोभी एवं आमस से होकर गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शेरघाटी में यात्रियों की सुविधा हेतु बस पड़ाव है, जिसमें यात्री शेड एवं शौचालय काफी जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शेरघाटी बस स्टैण्ड को अत्याधुनिक सुविधायुक्त बस पड़ाव कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशन कार्ड दिलाना

*252. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के बी0 पी0 एल0 परिवारों को राशन कार्ड मुहैया करवा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत झंझारपुर अनुमंडल में वित्तीय वर्ष 2017-18 में 20 हजार लोगों के आवेदन के विरुद्ध मात्र 100 बी0 पी0 एल0 परिवारों को ही राशन कार्ड दी गई तथा बाकी पड़े 19,900 परिवारों को राशन कार्ड अभीतक नहीं उपलब्ध कराया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बाकी बचे बी0 पी0 एल0 परिवारों को भी राशन कार्ड दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*253. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी अनुमंडल मुख्यालय के टिकारी नगर पंचायत स्थित मुहल्ला रिकाबगंज वार्ड नं0 7 में अवस्थित टाटा इंडिकॉम का टावर विशुद्ध रूप से सरकारी भू-भाग प्लॉट नं0 2656 (पुराना), नया-75 के अंश भाग प्लॉट नं0 67 (घ) पर लगा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारी, टिकारी (गया) के पत्रांक 66, दिनांक 18 फरवरी, 2008 द्वारा बिना NOC प्राप्त किये खण्ड (1) में वर्णित टावर को 48 घंटे में हटाने, अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश भू-माफियों के खिलाफ जारी किया गया था ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित भूमि से टावर को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्त करना

*254. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नावकोठी प्रखंड, बखरी प्रखंड, गढ़पुरा प्रखंड एवं डंडारी प्रखंड के अंचल कार्यालय में एक भी अंचल अमीन प्रतिनियुक्त नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इन सभी अंचलों में अंचल अमीन नहीं होने के कारण लोगों का काम महीनों-महीनों तक लंबित पड़ा रहता है एवं अतिक्रमण की मापी संबंधी कोई भी कार्य नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन सभी अंचलों में कबतक अंचल अमीन की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*255. श्री सदानन्द सिंह--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 जून, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''साल भर पहले बिना नाला निर्माण के ही निकाल लिये गये योजना के 4.25 लाख रुपये'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ नगर परिषद् के वार्ड 24 में बब्लु कुमार गुप्ता के घर से दीप साह गुप्ता के घर तक बगैर नाली निर्माण कराये ही सवा चार लाख रुपये की निकासी वर्ष 2018-19 में कर ली गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला निर्माण के गबन का मामला सूचना के अधिकार से तथ्य सामने आया है कि नगर परिषद् के अफसरों व जन प्रतिनिधियों की मिलीभगत से ही यह संभव हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मामले की जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुये उक्त नाला का निर्माण कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्जा दिलाना

*256. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के प्रखंड गोरेयाकोठी के पंचायत अन्ना के ग्राम छितौली के 6 महादलित मुसहर को वित्तीय वर्ष 1975-76 में बंदोबस्ती भूमि पर्चा दी गई है, जो पर्चाधारी आजतक कब्जे से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार इन महादलितों के बंदोबस्त भूमि को कबतक कब्जा दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थायी पेयजल उपलब्ध कराना

*257. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के करीब 25 जिलों से अधिक जिलों में सुखाड़ एवं जल संकट की स्थिति बनी हुई जिसमें मगध प्रमंडल में गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा, सासाराम, भोजपुर, कैमुर, बक्सर आदि जिलों में पेय जल का घोर संकट व्याप्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जिलों में पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जन-वितरण प्रणाली की दुकान खोलना

*258. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड के भटपुरा पंचायत के भटपुरा ग्राम में जन-वितरण प्रणाली की दुकान नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गरीबों को सस्ते दर पर अनाज प्राप्त करने के लिये एन० एच०-57 एवं रेलवे लाइन को पार कर ब्रह्मपुरा से अनाज प्राप्त करना पड़ता है, जिससे विगत वर्षों में दो व्यक्तियों की मृत्यु भी हो चुकी है जबकि सरकार शहरी क्षेत्र में 1 कि० मी० तथा ग्रामीण क्षेत्र में 2 कि० मी० दूरी के आन्दर अनाज उपलब्ध कराने की दावा करती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त ग्राम में जल-वितरण प्रणाली की दुकान खुलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्जा दिलाना

*259. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के पुड़ी पंचायत के अमरैली मौजा में चकबंदी नियम 26 ''क'' प्रपत्र गठित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मौजा में जमीन का रसीद, दाखिल-खारिज तथा बिक्री चकबंदी के अनुसार किया जा रहा है, लेकिन वहाँ के किसानों का जमीन पर कब्जा नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अमरैली मौजा में किसानों के जमीन पर कब्जा कबतक दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मीनार का निर्माण

*260. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के नवादा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पौरा में पेयजल का अभाव है तथा गाँव में काफी घनी आबादी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम पौरा में एक जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करवाना

*261. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नं० 7 एवं 8 के बीच वागमती नदी पर 80 वर्ष पूर्व बना महराज जी पुल पिछले पन्द्रह वर्षों से क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहन परिचालन योग्य नहीं रह गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस पुल के जीर्णोद्धार कार्य कराने का विचार रखती है ?

--------

पी० सी० सी० निर्माण करवाना

*262. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नगर पंचायत कोचस में सासाराम-कोचस पथ से डॉ० जगदीश चौधरी के घर होते हुये सुनील सिंह, शिक्षक के घर तक एवं मुन्ना पासवान के घर से नोनिया टोला होते हुये पी० एम० जी० एस० वाई० पथ, बहदुटिया तक पी० सी० सी० एवं नाली नहीं बनने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ/गली का कबतक पी० सी० सी० निर्माण कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य प्रारम्भ करना

*263. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर के हृदयस्थली शहीद चौक पर जिला परिषद् का जर्जर डाकबंगला अवस्थित है जो रहने योग्य नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद् की सामान्य बैठक में दिनांक 28 दिसम्बर, 2016 को उक्त जमीन पर व्यवसायिक भवन एवं आवासीय व्यवस्था हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है, लेकिन अभीतक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त निर्णय के आलोक में कबतक निर्माण कार्य प्रारम्भ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

राशि आवंटित करना

*264. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दानापुर (पटना) के स्थानीय स०वि०स० द्वारा प्रधान सचिव को भेजे गये पत्र दिनांक 10 अगस्त, 2018 एवं नगर परिषद्, दानापुर के पत्रांक 1035, दिनांक 29 मई, 2018 के आलोक में वार्ड नं० 37 अन्तर्गत कुसुमपुरम में नाला निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में ही योजना की स्वीकृति प्रदान कर राशि आवंटित किये जाने का निर्णय विभाग द्वारा फरवरी, 2019 में लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन के लिये राशि आवंटित करने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा भी दिनांक 22 फरवरी, 2019 को पत्र देकर प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग का ध्यान आकृष्ट किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपर्युक्त योजना हेतु राशि नगर परिषद्, दानापुर को आवंटित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दुकान बनाकर आवंटित करना

*265. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ सहित पूरे राज्य में कृषि बाजार समिति में खाली भू-खंड का आवंटन नहीं होने से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, यदि हाँ, तो उक्त आंवटन हेतु सरकार की क्या योजना है ?

-------------

कार्रवाई करना

*266. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत अतरी विधान सभा क्षेत्र में आपदा मद से संवेदक द्वारा चयनित स्थान को छोड़कर प्रखण्ड अतरी के ग्राम-केवटी में अपने परिवार के निकट ही सात चापाकल संवेदक द्वारा लगाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान की जाँच कर संवेदक पर कबतक कार्रवाई करने के विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दर्जा देना

*267. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के अर्थव्यवस्था में कृषि कार्य की अहम भूमिका है, फिर भी कृषि को उद्योग का दर्जा अभीतक नहीं मिल पाया है, जिससे किसानों की आय में प्रतिकूल असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कृषि कार्य को उद्योग का दर्जा देना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

औचित्य बतलाना

*268. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार ने एक वर्ष पूर्व निर्णय लिया था कि प्रत्येक पैक्स को 20 लाख रुपये कृषि संयंत्र खरीद एवं रख-रखाव हेतु दिया जायेगा, यदि हाँ, तो पूर्वी चम्पारण जिला सहित राज्य के किसी भी पैक्स को अभीतक राशि नहीं उपलब्ध कराने का क्या औचित्य है ?

-------------

चालू कराना

*269. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत मझौलिया प्रखण्ड मुख्यालय में वर्ष 2014 में पानी टंकी का शिलान्यास हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पानी टंकी अप्रैल, 2017 से बंद पड़ी है, जिसके कारण ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त बंद पड़े पानी टंकी को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पशु चिकित्सालय स्थापित करना

*270. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखण्ड अन्तर्गत मंगराही बाजार में प्रत्येक मंगलवार को पशु हाट लगता है, परंतु उक्त बाजार में पशु चिकित्सालय नहीं होने से पशुओं के इलाज में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार मंगराही बाजार में कबतक पशु चिकित्सालय स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण मुक्त कराना

*271. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अन्तर्गत हरिहरपुर पंचायत के ग्राम-तेम्हुआँ में म० वि०, तेम्हुआँ से सटे उत्तर में श्मशान घाट था, जिसपर वर्तमान में भू-माफियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिससे एक समुदाय के लोगों को दाह संस्कार करने के लिये अन्यत्र स्थान पर जाना पड़ता है तथा लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त श्मशान घाट की जमीन को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपयोग करना

*272. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पर्यावरण प्रदूषण की वजह से पूरे राज्य में सरकार ने पोलिथिन बैग के उपयोग को प्रतिबंधित किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया नगर पंचायत के शहरी क्षेत्र में प्रतिबंधित बैग का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रतिबंधित बैग के उपयोग को रोकने हेतु कबतक ठोस कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*273. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गोरेयाकोठी प्रखंड के पंचायत भिटी में 13 वार्ड है तथा इस पंचायत में जल नल योजना की राशि संवेदक को दे दी गयी है, फिर भी कार्य अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार भिटी पंचायत के जल नल योजना की जाँच कराकर राशि गबन करने वाले दोषियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू कराना

*274. प्रो० चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मधेपुरा प्रखंड के ग्राम-भेलवा एवं साहुगढ़ बाजार टोला में पशु चिकित्सा उप-केन्द्र स्थापित है, जो विगत 10 वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पशु चिकित्सा उप-केन्द्रों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेयजल आपूर्ति करना

*275. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत मैरवा नगर पंचायत में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु वर्ष 2007-08 में 1 करोड़ 99 लाख की लागत से एक लाख गैलन की पानी टंकी और संपूर्ण नगर पंचायत क्षेत्र में पाइप बिछायी गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना का उद्घाटन 2010 से लेकर 2017 में नगर पंचायत को सौंपे जाने के बाद एक बूंद भी पानी की सप्लाई नहीं हो पायी है तथा अन्य कोई जलापूर्ति व्यवस्था नहीं रहने के कारण मैरवा नगर पंचायत की जनता को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पानी टंकी को चालू कराकर मैरवा नगर पंचायत की जनता को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी की आपूर्ति

*276. श्रीमती भागीरथी देवी--स्थानीय हिन्दी दैनिक सामाचार-पत्र में दिनांक 18 मई, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''बार्डर के आधा दर्जन गाँवों में गिरा जल स्तर पानी के लिये हाहाकार'' के आलोक में क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत गौनाहा प्रखंड के सिमाई इलाकों में पानी का जल स्तर नीचे चले जाने से पानी की समस्या विकराल हो गयी है, यदि हाँ, तो गौनाहा प्रखंड में जल आपूर्ति के संबंध में सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---------

प्रतिनियुक्त करना

*277. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परिहार अंचल में 27 पंचायत एवं सोनबरसा अंचल में 20 पंचायत पड़ता है, जिसमें क्रमश: 3 (तीन) एवं 2 (दो) राजस्व कर्मचारी पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अंचल में राजस्व कर्मचारी की कमी के कारण आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अंचलों में खाली पड़े पदों पर राजस्व कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी का निर्माण

*278. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड में स्थित प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, कमरही का चहारदीवारी का निर्माण नहीं किया गया है, जिसके कारण पशुओं को इलाज कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालय का चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पेयजल आपूर्ति करना

*279. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड कुशेश्वर पूर्वी बाजार में राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जलापूर्त्ति योजना के तहत वर्ष 2016 में एक लाख लीटर क्षमता वाली पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने की योजना शुरू की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि चार वर्ष गुजर जाने के बाद भी उक्त पेय जलापूर्त्ति योजना से लोगों को पेय जलापूर्त्ति नहीं हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कुशेश्वर स्थान स्थित पेयजल आपूर्ति योजना को क्रियान्वित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जल मीनार चालू करना

*280. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के नवादा प्रखण्ड अन्तर्गत कादिरगंज उच्च विद्यालय ऑती के समीप नवनिर्मित जल मीनार बनकर तैयार है फिर भी आजतक चालू नहीं किया गया है, जिसके कारण संबंधित गाँव एवं कादिरगंज बाजार में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है, यदि हाँ, क्या सरकार उक्त बंद पड़े जल मीनार को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पदस्थापित करना

*281. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत परिहार अंचल में पिछले तीन वर्षों से सरकारी अमीन नहीं है, जिससे आम नागरिकों को जमीन नापी कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार परिहार अंचल में सरकारी अमीन को कबतक पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

व्यवस्था करना

*282. श्री प्रहलाद यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के पिपरिया प्रखण्ड के पिपरिया पंचायत में पशु अस्पताल नहीं रहने के कारण गम्भीर बीमारी पशुओं को ग्रसित कर रहा है, जिससे किसान एवं मजदूर की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार पिपरिया पंचायत में पशु अस्पताल एवं डॉक्टर की व्यवस्था कबतक सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## जलमीनार एवं पाइप लाइन बिछाना

*283. श्री अवधेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखण्ड स्थित वजीरगंज बाजार में पेयजल आपूर्ति नहीं होने से आम जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वजीरगंज बाजार में पेय जलापूर्त्ति हेतु जल मीनार एवं पाइप लाइन बिछाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## पी० सी० सी० निर्माण कराना

*284. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नगर पंचायत-कोचस में एन० एच०-30 से महेन्द्र सिंह के मिनी मॉल होते हुये उच्च विद्यालय, कोचस के पीछे नाला तक एवं पी० एम० जी० एस० वाई० रोड से बाल्मिकी सिंह के घर तक पी० सी० सी० एवं नाली नहीं बनने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को कबतक पी० सी० सी० निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## सड़क एवं पुलिया का निर्माण

*285. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड नगर पंचायत के युगल किशोर के घर से छप्पन बीघा से लक्ष्मनिया तक सड़क कच्ची है एवं सड़क में पुलिया भी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कच्ची सड़क के स्थान पर पी० सी० सी० सड़क एवं पुलिया का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## किस्त का भुगतान

*286. डॉ० सी० एन० गुप्ता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत 6071 आवास का प्रथम किस्त मिल गया है, लेकिन दूसरा किस्त नहीं मिलने के कारण आवास का निर्माण नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त लाभार्थी को आवास का दूसरा किस्त का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई का औचित्य बताना

*287. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि निदेशक पशुपालन निदेशालय, बिहार के ज्ञापांक 4064(नि0), दिनांक 18 दिसम्बर, 2018 के द्वारा खगड़िया जिला स्थित अवैध गैर-अनुज्ञप्ति मानसी मवेशी हाट के संचालक के द्वारा पशु तस्करी एवं क्रूरता के विरुद्ध कार्रवाई हेतु जिला प्रशासन खगड़िया को निर्देश दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पशु बाजार नियमावली 2017 एवं पशु परिवहन नियमावली 1978 संशोधन 2001 एवं 2009 का उल्लंघन खुलेआम हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो निदेशक पशुपालन निदेशालय के निर्देश के आलोक में अबतक जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई नहीं करने का औचित्य क्या है ?

------------

पुनर्वासित करना

*288. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखंड में बागमती नदी के उत्तर एवं दक्षिण दोनों तरफ बाँध निर्माण हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बागमती बाँध के अन्दर जो गाँव आये हैं उसमें मलिकियत वाले जमीन में गरीब, दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा वर्ग के गरीब परिवार सदियों से निवास कर रहे थे जो अभी बेघर हो चुके हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बेघर हुए गरीब परिवारों को पुनर्वास हेतु जमीन मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*289. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्र विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नगर परिषद्, बेतिया में हर घर नल जल का कार्य प्रारम्भ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य में संवेदक के द्वारा भारी मात्रा में लोकल पाइप, मेटेरियल का उपयोग किया जा रहा है एवं चालू सड़क को क्षति पहुँचाई जा रही है तथा हर घर नल जल योजना में मानक गुणवत्ता के विपरीत कार्य किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी संवेदकों पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*290. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में मत्स्य बीज उत्पादन योजना अन्तर्गत कटिहार जिला को 16 लाख रूपये अनुदान के रूप में दिया गया था जिसमें से 14 लाख 50 हजार रुपये वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर विभाग को वापस कर दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मत्स्य पालक इस अनुदान के लाभ से वंचित हो गये हैं एवं सरकार का लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस हेतु दोषी पदाधिकारी पर कबतक कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पंचायत भवन बनाना

*291. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के प्रखंड बोखड़ा के पंचायत बुधनगरा में पंचायत सरकार भवन बनाने के लिए सरकारी जमीन खाता नं0 1836, खेसरा 6924, रकबा 24 डी0/खाता नं0 1835, खेसरा 5489, रकबा 58 डी0/सरकारी छूट जमीन खेसरा 5481, रकबा 22 डी0 उपलब्ध यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनाने की सरकार की कार्य योजना है ?

----------

शौचालय का निर्माण

*292. मो0 तौसीफ आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज नगर पंचायत में निबंधन कार्यालय के निकट मध्य बाजार में एल0 आर0 पी0 चौक पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

लीची पर बीमा योजना लागू करना

*293. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मेहसी प्रखंड लीची उत्पादन में जिला में अग्रणी है एवं 4500 एकड़ में लीची की खेती होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लीची उत्पादक किसानों को अक्सर मौसम का मार झेलना पड़ता है एवं समय के अनुकूल वर्षा नहीं होने से भारी क्षति का सामना करना पड़ता है, फिर भी लीची की फसल पर बीमा योजना लागू नहीं होने से लीची उत्पादक किसानों को भारी नुकसान होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अन्य फसलों की तरह लीची पर भी बीमा योजना लागू कर उत्पादक किसानों को राहत देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सर्वेक्षण कराना

*294. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दानापुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत दानापुर प्रखंड के छः पंचायत पानापुर, मानस, गंगहारा, पतलापुर, हेतनपुर, कासिमचक में जमीन का पूर्ण सर्वेक्षण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कासिमचक एवं हेतनपुर इत्यादि में 75 प्रतिशत जमीन का सर्वेक्षण नहीं हुआ है, जिससे वहाँ के जमीन का क्रय-विक्रय के साथ पुस्तैनी जमीन का रसीद प्राप्त नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त छः पंचायत के जमीन का शेष भाग का सर्वेक्षण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सड़क एवं पुलिया का निर्माण

*295. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नगर पंचायत बेलसंड के वार्ड नं० 13 छेदी पंडित के घर के नजदीक से नासिक तक सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, साथ ही कच्ची सड़क में पुलिया भी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क एवं पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जलापूर्ति हेतु

*296. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा नगर पंचायत स्थित शहरी जलापूर्ति योजना का निर्माण दस वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है, फिर भी इस योजना से नगर पंचायत के वासिन्दों को आजतक कोई लाभ नहीं मिल सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक निर्मित शहरी जलापूर्ति योजना का लाभ लोगों तक पहुँचाना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

-------------

चालू कराना

*297. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के बांस घाट, गुलबी घाट सहित राज्य के सभी विद्युत् शवदाह गृह खराब रहने के कारण शवों को जलाने के लिये लकड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे न सिर्फ वातावरण प्रदूषित हो रहा है बल्कि गरीबों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के सभी विद्युत् शवदाह गृह को कबतक ठीक कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पानी टंकी चालू करना

*298. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत बैरिया प्रखंड के तधवानंदपुर मठ परिसर में 1,50,0000 गैलन क्षमता के पानी टंकी का निर्माण वर्ष 2016 में कराया गया है, जो नवम्बर, 2018 से बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पानी टंकी से पानी का प्रवाह बंद होने के कारण तधवानंदपुर बैरिया, तधवानंदपुर महादलित बस्ती, तधवा मौजे टोला, गया राउत के टोला में शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े पानी टंकी को चालू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार का निर्माण कराना

*299. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत गढ़पुरा प्रखंड के ग्राम-कुम्हारसों में जलमीनार बनाने का कार्य लगभग दो वर्ष पहले शुरू हुआ था जबकि विभाग एवं संवेदक के उदासीनता के कारण यह कार्य अबतक पूरा नहीं होने के कारण आम जनता को पेयजल की आपूर्ति में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जलमीनार निर्माण में विलम्ब के लिये संबंधित जिम्मेवार पदाधिकारियों एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जीर्णोद्धार कराना

*300. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के नगर परिषद्, महनार अन्तर्गत खाकी बाबा मजार से महनार थाना की ओर जाने वाली सड़क एवं तालाब काफी जर्जर स्थिति में है, इसके कारण वहाँ बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण करना

*301. डॉ॰ विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नगर पंचायत शेरघाटी में शेखपुरा मोड़ पिपल के पेड़ से बूढ़ी नदी तक एवं वार्ड नं॰ 5 में मो॰ सरताज के घर से भरोसा मार्केट होते हुये बूढ़ी नदी तक नाला नहीं है, जिससे उक्त मुहल्लों में जल-जमाव की समस्या बनी रहती है एवं लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित स्थानों पर कबतक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सहायता योजना देना

*302. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा फसलों की क्षति होने के पश्चात् किसानों को फसल सहायता योजना के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखण्ड के 15 पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2018-19 में फसल क्षति की सहायता योजना से वंचित कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त 15 पंचायतों के कृषकों को भी इस योजना का लाभ देना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*303. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखण्ड अतरी में वित्तीय वर्ष 2016-17 में ग्राम-नवादा टोंड़ के रामनन्दन प्रसाद यादव, पिता-स्व0 भागवत प्रसाद यादव को मेरे द्वारा अनुशंसा के बाद भी अभीतक चापाकल नहीं गाड़ा गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान की जाँच कर संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नगर पंचायत का दर्जा देना

*304. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला का लौरिया गाँधी सर्किट, श्रीराम सर्किट व बुद्ध सर्किट से जुड़ा हुआ एक व्यावसायिक जगह है, जहाँ चीनी मिल भी कार्यरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि ऐतिहासिक स्थल होने के साथ-साथ एन0 एच0 28बी पर भी अवस्थित है तथा नगर पंचायत की सभी अर्हता पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लौरिया को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

कार्रवाई करना

*305. मो0 नवाज आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला में जल संकट आपदा को देखते हुए 50 चापाकल लो0 स्वा0 अभि0 विभाग, पटना द्वारा भोजपुर जिला में गाड़ने की अनुमति प्रदान की गई है । जबकि एक भी चापाकल आरा विधान सभा क्षेत्र में नहीं लगाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लोक स्वा0 अभियंत्रण विभाग, पटना ने भोजपुर जिला में चापाकल मरम्मती हेतु छ: माह पूर्व राशि भी उपलब्ध कराई गई थी, जिससे मरम्मती का कार्य अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

कार्रवाई करना

*306. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार द्वारा दिनांक 18 दिसम्बर, 1985 को मौर्यलोक का मास्टर प्लान निर्गत किया गया जिसमें कियोस्क नं0 1 एवं 2 का प्रावधान किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कियोस्क नं0 1 एवं 2 को शिक्षित बेरोजगारों हेतु 1989 से 2000, 2000 से 2011 एवं पुन: डीड नं0 1123, दिनांक 15 फरवरी, 2017 द्वारा दिनांक 8 नवम्बर, 2011 से 8 नवम्बर, 2022 तक के लिये लीज का नवीकरण किया गया है, फिर भी लीज एग्रीमेंट का उल्लंघन करते हुए कियोस्क नं0 1 एवं 2 को अतिक्रमण के नाम पर दिनांक 16 जून, 2019 को तोड़ दिया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त लीज एग्रीमेंट का उल्लंघन कर वैध कियोस्क नं0 1 एवं 2 को अवैध रूप से तोड़ने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई तथा पुन: कियोस्क स्थापित कर लीजधारकों को देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*307. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के पशु चिकित्सालय का चहारदीवारी वर्ष 2017 में आई भीषण बाढ़ में टूट गया है, जिसके कारण अस्पताल का कार्यालय असुरक्षित हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चिकित्सालय में चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*308. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में वर्ष 2015-16 में शंकर धान का बीज तत्कालीन जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा 4399.18 क्विंटल 100 रुपये प्रति किलो अनुदान काटकर बिक्रेताओं से वितरण करवाया गया, जिसकी अनुदान राशि 439.918 लाख रुपये है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी द्वारा 121.644 लाख रुपये का भुगतान किसानों एवं बिक्रेताओं को किया गया है, जबकि शेष 318.274 लाख रुपयों का भुगतान किसान एवं बिक्रेताओं का बकाया है, जिसका भुगतान अभीतक नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसान एवं बिक्रेताओं का शेष बचे राशि को भुगतान करने एवं दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जलापूर्ति हेतु

*309. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर के लहेरियासराय स्थित बिहार राज्य आवास बोर्ड कॉलोनी में पिछले दो माह से शत-प्रतिशत् चापाकल बन्द हो जाने के कारण घोर जल संकट उत्पन्न हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित कॉलोनी में जल संकट के निदान के लिए पाँच वर्ष पूर्व से पम्प हाउस बनकर तैयार है, लेकिन अभीतक उसे जलापूर्ति हेतु चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

जलापूर्ति हेतु

*310. श्री अब्दुल बारी सिदि्दकी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के सात निश्चय योजना में एक निश्चय यह भी है कि अगस्त, 2019 तक सभी घरों में नल जल योजना के अन्तर्गत जल की आपूर्ति की जायेगी, यदि हाँ, तो अभीतक कितने घरों में वर्णित योजना के अन्तर्गत जल की आपूर्ति की जा सकी है और कितने घर ऐसे हैं जो जलापूर्ति हेतु छुटे हुए हैं ?

कार्रवाई करना

*311. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015-16 में मुख्यमंत्री चापाकल योजना का अभीतक चापाकल गाड़े नहीं गये हैं जिससे पीने के लिये पानी नहीं मिल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा अनुशंसा के 3 वर्ष होने के बावजूद चापाकल नहीं लगाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर राजापाक क्षेत्र में चापाकल गड़वाने एवं दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*312. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के जगदीशपुर अंचल अन्तर्गत खाता नं० 1818, खेसरा, 2600, जमाबंदी नं० 2309 रैयत श्री प्रभाष चन्द्र सिंह, पिता-स्व० सूर्यनारायण सिंह के नाम से दर्ज है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त खाता नं० एवं खेसरा नं० से रैयत द्वारा जमीन की बिक्री किये बिना जमाबंदी नं० 2309 से 930 वर्गफुट भूमि घटाते हुये जमाबंदी नं० 4033 अस्तित्व में लाया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अंचल कर्मचारी के पंजी 2 में दर्ज जमाबंदी सं० 4033 के संबंध में अंचलाधिकारी ने भी अपने जाँच प्रतिवेदन में माना है कि यह फर्जी है और भूमि अवैध दखल में है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसपर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पेयजल की व्यवस्था करना

*313. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया नगर पंचायत के 19 वार्डों में शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम के तहत नागरिकों को शुद्ध पेयजल की दीर्घकालीन व्यवस्था की योजना के तहत जींदल कम्पनी द्वारा उक्त योजना की शुरूआत दिनांक 17 दिसम्बर, 2009 को की गई और योजना की समाप्ति दिनांक 31 दिसम्बर, 2016 को की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजनान्तर्गत 7,000 घरों में शुद्ध पेयजल पहुँचाना था, जिसमें से 3,000 घरों में योजना का लाभ दिया गया है, लेकिन ठीक ढंग से जलापूर्ति नहीं की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त योजना की जाँच कर दोषी पर कार्रवाई करते हुये शेष 4,000 घरों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मूल्यों की रक्षा करना

*314. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय निदेशानुसार पैक्सों के चुनाव में मतदान केन्द्रों की स्थापना में व्यय होने वाली राशि प्रति 700 मतदाताओं पर 5,000.00 रुपया का वहन पैक्स को करना है तथा जिन पैक्सों द्वारा रकम जमा करना सम्भव नहीं है उन पैक्सों का निर्वाचन पर रोक लगाने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

स्टेडियम एवं चहारदीवारी का निर्माण

*315. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शहरी विकास अधिकरण, बिहार, पटना के पत्रांक 11 न०वि०अभि० (को०) प्र०प० 105/2015/1138, दिनांक 11 सितम्बर, 2017 द्वारा भागलपुर, सुलतानगंज नगर परिषद् अन्तर्गत कृष्णानन्द उच्च विद्यालय मैदान स्थित स्टेडियम का जीर्णोद्धार एवं नाला और दक्षिण की चहारदीवारी का निर्माण की संशोधित परिणाम विपत्र राशि 65,77,403 (पैंसठ लाख सतहत्तर हजार चार सौ तीन मात्र) अनुमोदित स्वीकृति है, जबकि दो वर्ष की अवधि बीत जाने के बावजूद योजना कार्यान्वित नहीं हो सका है. यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना को कार्यान्वित करना चाहती है नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*316. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंडान्तर्गत कोई भी पशु चिकित्स नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पशु चिकित्सक के अभाव में पशु चिकित्सा हेतु ग्रामीणों को दूर-दूर तक जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बासोपट्टी प्रखंड में पशु चिकित्सक की पदस्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पानी का स्थायी समाधान करना

*317. श्री ललन पासवान--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 जून, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''चापाकलों के बाद कुएं भी सुखे, पानी के लिये छटपटा रहे लोग'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत अधौरा प्रखंड के पहाड़ी पर 103 गाँव एवं रोहतास के 70 गाँव के निवासी को इन दिनों गर्मी के कारण चापाकल सुख जाने एवं पहाड़ी पर चुआ चुआड़ी के हलक सुखने से वनवासी पानी के लिये छटपटा रहे हैं तथा पानी के लिये 10 कि० मी० दूरी तयकर प्यास बुझा रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अधौरा एवं रोहतास पहाड़ के वनवासियों के तत्काल पानी की व्यवस्था करते हुये पानी की स्थाई समाधान कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जमीन उपलब्ध कराना

*318. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड महाराजगंज शहर के महादलित टोला में लगभग 60 भूमिहीन परिवार मेन रोड और मेन शहर पर बसे हुये हैं, जिससे आवागमन के साथ-साथ वहाँ पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित परिवारों को कहीं दूसरे जगह जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति करवाना

*319. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा एवं फलका प्रखंड में चापाकल के पानी में आयरन की मात्रा अधिक है, जिससे उक्त क्षेत्र में बीमारी फैल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि नल-जल योजना से उक्त क्षेत्र में आमलोगों को शुद्ध पेय जलापूर्ति नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंडों में नल-जल योजना क्रियान्वयन कर आयरन से मुक्त जलापूर्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क निर्माण पूर्ण करना

*320. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर नगर पंचायत के वार्ड नं० 1 ढ़कनी बिगहा में सड़क का काम अधूरा रहने से निवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री अवधेश प्रसाद जी के घर से शिव मंदिर होते हुये प्राथमिक विद्यालय तक एवं दूसरे सड़क में श्री शंकर बिन्द से तेतर बिन्द तक सड़क अभीतक नहीं बन सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अधूरे सड़क को कबतक पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी की आपूर्ति करना

*321. श्री राजू तिवारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखंड में स्थित जलमीनार से संग्रामपुर बाजार में पाइप लाइन का बिछाव नहीं होने के कारण संग्रामपुर बाजार के आम जनता शुद्ध जल से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार संग्रामपुर बाजार में पाइप लाइन बिछाकर पानी की आपूर्ति कबतक सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस स्टैंड को स्थानान्तरित करना

*322. श्री निरंजन राम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के मोहनिया शहर के बीचों-बीच चाँदनी चौक पर मोहनिया बस स्टैंड बीच शहर में स्थित होने से शहरवासियों को प्राय: जाम का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार चाँदनी चौक मोहनिया स्थित उक्त बस स्टैंड को अन्यत्र स्थानान्तरित करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करना

*323. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड जो जिले का सबसे बड़ा कृषि क्षेत्र फलवाला प्रखंड है, जिसमें किसानों के खेती संबंधी प्रशिक्षण हेतु कोई साधन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना करने एवं कृषि योग्य योजनाओं को सुचारू करने का सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---------

पक्कीकरण कराना

*324. प्रो० चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला मुख्यालय के पूरब तिलावे नदी एवं पश्चिम परमाने नदी के घाटों पर प्रतिवर्ष हजारों छठव्रती व्रत करते हैं तथा लाखों श्रद्धालु सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं, फिर भी उक्त नदियों के घाट पक्की नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों नदी के घाटों का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*325. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुशहरी अंचल में राजस्व कर्मचारी अपने हल्का राजस्व पर नहीं बैठते हैं, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कर दोषी पदाधिकारी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला बनवाना

*326. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर नगर पंचायत में नाली एवं नाला का निर्माण नहीं होने के कारण पानी की निकासी नहीं होने से जनता को काफी कठिनाई हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि नवीनगर नगर पंचायत के दास मुहल्ला एवं नये बसावट वाले इलाके में नाला एवं नाली नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नगर पंचायत में नाली तथा पानी निकासी हेतु नाला कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति हेतु

*327. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड एवं उसके आस-पास के अत्यधिक आर्सेनिक से प्रभावित 75 टोलों में सतही जल (गंगा नदी) आधारित बहुग्रामीण पाइप जलापूर्ति की योजना ज्ञापांक 2663, दिनांक 1 जनवरी, 2012 को स्वीकृति दी गयी थी, यदि हाँ, तो अबतक कार्यान्वित नहीं होने का क्या औचित्य है ?

-------------

जाँच कराना

*328. मो० नवाज आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा नगर निगम के द्वारा ''अहिरपुरवा मोड़ से बलीगंज होते हुये धरहरा तक'' नाला निर्माण के कार्य का एग्रीमेंट दिनांक 30 मार्च, 2017 को हुआ था, इस कार्य को पूर्ण कराने की अवधि छः माह थी जबकि वर्तमान में दो वर्ष पूर्ण होने को है, लेकिन अभीतक नाला निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छः महीनें की अवधि समाप्त होने के बाद नाला निर्माण के बीच से बिजली के खम्भों को हटाने एवं अन्य कारण बताकर कार्य को लम्बित किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर संवेदक को काली सूची में डालने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निजात दिलाना

*329. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड बोखड़ा के पंचायत बनौल में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण आम जनता को पेयजल का संकट हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पेयजल के संकट से बनौल पंचायतवासी को निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जलापूर्ति कराना

*330. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलानें की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्ड एवं बारून प्रखण्ड सहित पूरे राज्य में भू-जल स्तर नीचे चले जाने से पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखण्डों में विद्युत् ताप थर्मल पावर बनाये जाने के कारण भू-जल स्तर 100 फीट से 200 फीट नीचे चला गया है, जिसमें पूरे क्षेत्र के चापाकल सुख गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पेय जलापूर्ति सुनिश्चित कराने की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटना :
दिनांक 04 जुलाई, 2019 (ई०)।

बि०स०मु० - 24 (एल० ए०), 2019-20 डी०टी०पी० -550